Roll No. ....................

(05/25)

# 19217

## M. A. EXAMINATION

(For Regular Batch : 2022 & Onwards)

(Second Semester)

HINDI

MA/HIN/2/DSC8

तुलसीदास : एक विशेष अध्ययन

*Time : Three Hours* *Maximum Marks : 70*

**नोट** : निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. प्रत्येक खण्ड में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×5=15

(अ) राम काजु सबु करिहहु तुम्ह बल बुद्धि निधान ।

आसिष देइ गई सो हरषि चलेउ हनुमान ।।

**अथवा**

राम बान अहि मन सरिस निकर निसाचर भेक।
जब लगि ग्रसत न तब लगि जतनु करहु तजि टेक ॥

(ब) गाइये गनपति जगबंदन । संकर-सुवन भवानी-नंदन
सिद्धि-सदन, गज-बदन, बिनायक ।
कृपा-सिंधु, सुंदर, सब लायक

**अथवा**

जाके गति है हनुमानकी ।
ताकी पैज पूजि आई, यह रेखा कुलिस पषानकी
अघटित-घटन, सुघट-बिघटन,
ऐसी बिरुदावलि नहिं आनकी।

(स) अवधेश के द्वारे सकारे गई,
सुत गोद कै भूपति लै निकसे ।
अवलोकि हौं सोच-विमोचन को ठगि सी रही,
जे न ठगे धिक से ॥

**अथवा**

एहि घाट तें थोरिक दूरि अहै कटि
लौं जल थाह दिखाइहौं जू ॥
परसे पगधूरि तरै तरनी,
धरनी धर क्यों समुझाइहौं जू ॥

2. तुलसीदास की भक्ति-भावना पर विस्तार सहित वर्णन कीजिए । 15

**अथवा**

रामचरित मानस के सुन्दरकाण्ड की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

3. तुलसीदास के 'रामराज्य की परिकल्पना' की सार्थकता सिद्ध कीजिए । 15

**अथवा**

विनय पत्रिका के पदों का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

4. कवितावली के बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, सुन्दरकाण्ड और उत्तरकाण्ड में वर्णित कथावस्तु (घटनाक्रम) का उल्लेख कीजिए । 15

**अथवा**

कवितावली के उत्तरकाण्ड की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए ।

5. निम्नलिखित लघु प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

(अ) कवितावली में कितने खण्ड हैं ? यह किस काल का काव्य है ?

(ब) तुलसीदास को किसने जातीय कवि कहा है ?

(स) तुलसीदास के गुरु के गुरु का नाम लिखिए ।

(द) तुलसीदास के मुक्तक और खण्डकाव्य का नाम लिखिए ।

(इ) तुलसीदास के काल में किस राजा का शासन रहा ? $5 \times 2 = 10$